तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 19 मई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम के गौरवपूर्ण 150 पूर्ण होने पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

4




## खबर संक्षेप

### शिवरीनारायण व बंसुला में आज लगेगा शिविर

**जांजगीर-चांपा।** सुशासन तिहार अंतर्गत मंगलवार 19 मई को नगर पंचायत शिवरीनारायण के सतसंग भवन में एवं जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत बंसुला के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगर पंचायत शिवरीनारायण के शिविर में वार्ड 1 से 15 कुल 15 वार्ड शामिल होंगे। इसी प्रकार जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत बंसुला में आयोजित होने वाले शिविर में कुल 18 ग्राम पंचायत शामिल होंगे। जिनमें सोनाईडीह, गोंविदा, करनौद, नक्टीडीह, चोरहादेवरी, तालदेवरी, बोरसी, गतवा, सिलादेही, देवरानी, बंसतपुर, देवरहा, बिर्रा, कपिस्दा, बंसुला, सेमरिया, बनडभरा, सोनादह ग्राम पंचायत है।

### 25 तक मनाया जाएगा जनजातीय गरिमा उत्सव

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा 18 मई से 25 मई तक जनजातीय गरिमा उत्सव जन भागीदारी अभियान आयोजित करने हेतु निर्देश दिए गए है। जिसके अंतर्गत जिला स्तर पर आईसी कैम्पेन जन भागीदारी- सबसे दूर, सबसे पहले थीम पर जमीनी संपर्क, सेवा संतृप्ति, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत चयनित 21 ग्रामों में निर्मित आदि सेवा केन्द्रों में जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन, सुनवाई में प्राप्त शिकायतों को सूचीबद्ध कर उनका समाधान किया जाना है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी जिला, ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की उपस्थिति में जनजातीय गरिमा उत्सव जनभागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर ने सभी अधिकारियो को कार्यक्रम के सफल आयोजन और लक्ष्य की प्राप्ति हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु पात्र छात्र-छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग ने बताया कि योजना अंतर्गत ऐसे विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं, जो छत्तीसगढ़ के मूल निवासी हों, अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित हों तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक हों। विद्यार्थी सत्र 2025-26 में छत्तीसगढ़ के किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वीं में नियमित अध्ययनरत हो तथा कक्षा 4थीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक अथवा समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो। पालक की वार्षिक आय सभी स्त्रोतों से 2.50 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# होनहार 24 विद्यार्थियों ने किया एयरपोर्ट का भ्रमण, फाइटर प्लेन व कॉकपिट में बैठने का मिला मौका

## जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में किया था बेहतर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले के 24 होनहार विद्यार्थियों को जिला प्रशासन द्वारा एयरपोर्ट का भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को फाईटर प्लेन व कॉकपिट पर बैठने का भी मौका मिला। बच्चों ने हवाई उड़ान के संबंध में जरूरी जानकारी प्राप्त की। जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का मनोबल बढाने की मंशा से जिला प्रशासन ने अनूठी पहल करते हुए यह अवसर उपलब्ध कराया।

विद्यार्थियों के चयन के लिए 13 मई को जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान एवं एप्टीट्यूड टेस्ट आधारित प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 24 छात्र-छात्राओं का चयन एयरपोर्ट भ्रमण के लिए किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सक्ती से सभी चयनित विद्यार्थियों को 16 मई को बस के माध्यम से स्वामी विवेकानंद विमानतल माना रायपुर के लिए रवाना किया गया। विद्यार्थियों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सक्ती वासु जैन द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना



किया गया। एयरपोर्ट पहुंचने पर सभी बच्चों के लिए प्रवेश पास बनवाकर उन्हें विमानतल परिसर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान फ्लाइंग ऑफिसर विवेक कुमार साहू और तकनीशियन ने बच्चों को फाइटर प्लेन और सिविलियन एयरक्राफ्ट के बेसिक सिद्धांतों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को फाइटर प्लेन के विभिन्न पार्ट्स, डिजाइन एवं उसके कार्य करने की प्रक्रिया के बारे में भी समझाया। भ्रमण के दौरान बच्चों को एक-एक कर विमान के कॉकपिट में बैठने का अवसर भी मिला, जिससे विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने रनवे पर विमानों को उड़ान भरते और उतरते हुए भी नजदीक से देखा। एयरपोर्ट भ्रमण कर फाइटर प्लेन और कॉकपिट रोमांचक अनुभव लेते हुए बच्चों ने एयरक्राफ्ट की जानकारी लेकर ज्ञान बढाया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सक्ती सीईओ वासु जैन एवं विवेक द्वारा एयरपोर्ट और विमान से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई, जिसमें सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक परिवहन प्रणाली, उड्डयन क्षेत्र एवं हवाई जहाज संचालन की व्यवहारिक जानकारी प्राप्त हुई। यह भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उनके ज्ञानवर्धन के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत सक्ती एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## क्रमोन्नत की आड़ में अतिरिक्त लाभ, वसूली को लेकर एक्शन मोड में विभाग

# तो 41 शिक्षकों से होगी सात करोड़ से अधिक की रिकव्हरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

क्रमोन्नत वेतनमान की आड़ में शासन से 41 शिक्षकों के द्वारा 7 करोड से अधिक का आर्थिक लाभ लेने का मामला सामने आया है। शिक्षकों से अब शासन द्वारा राशि की वसूली की जाएगी। राशि वसूली के लेकर विभाग एवं प्रशासन एक्शन मोड पर आ गया है। जिससे शिक्षकों में हडकंप मच गया है।

गौरतलब है कि जैजैपुर ब्लाक के विभिन्न प्राथमिक शालाओं में वर्ष 1998 से सहायक शिक्षक पंचायत के रूप में सेवा दे रहे 41 शिक्षको की सेवा अवधि 10 वर्ष पूर्ण होने पर जनपद पंचायत जैजैपुर द्वारा 19 नवंबर 2015 को क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृत किया गया। जिसके चलते यह शिक्षक समान काम समान वेतनमान के रुप में वर्ष 2016 से 2021 तक आर्थिक लाभ ले रहे थे। जिसकी वजह से शासन कों लाखों की क्षति हुई है। छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के आदेश क्रमांक 411 दिनांक 22/2011 के




परिपालन में जनपद पंचायत के तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी डिप्टी कलेक्टर एस एस राज ने उन सहायक शिक्षक पंचायत को चिन्हांकित कर तत्कालीन विकास खंड शिक्षा अधिकारी को 2 दिसंबर 2016 को पत्र जारी कर उनसे राशि का गणना कर वेतन से वसूली करने आदेश जारी किया था। जिसमें स्पष्ट किया था कि 1 नवंबर 2011 से 30 अप्रैल 2013 तक ही क्रमोन्नत वेतन मान का आदेश प्रभावशील था परंतु संबंधित शिक्षकों ने न्यायालय में मामला लंबित होने का हवाला देकर अधिकारियों की वसूली कार्यवाही पर विराम लगा रखा था। इधर उच्च न्यायालय बिलासपुर ने 5 मई को स्पष्ट तौर पर आदेश पारित किया है कि सहायक शिक्षक पंचायत को स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक के बराबर 10 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर समान शिक्षकों के बराबर वेतन एवं लाभ पाने के अधिकारी नहीं है। ऐसे में अब इन शिक्षकों से राशि की वसूली की जानी है। जैजैपुर ब्लाक के 41 शिक्षकों पर लगभग 7 करोड़ की वसूली की जानी है। एक शिक्षक से लगभग 18 लाख रुपए वसूली होनी है। राशि वसूली के लेकर विभाग एवं प्रशासन अब एक्शन मोड पर आ गया है। सहायक शिक्षक पंचायत से वसूली को लेकर कलेक्टर एवं विभाग के अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर अविलंब कार्यवाही करने कहा गया है। अब उच्च न्यायसालय से आए दिशा निर्देशन के बाद जहां अफसरों ने राशि वसूली की तैयारी शुरू कर दी है। वहीं क्रमोन्नत की आड़ में अधिक वेतन ले रहे सहायक शिक्षक पंचायत वर्ग के शिक्षकों में हडकंप मच गया है।

### की जाएगी वसूली

क्रमोन्नत वेतनमान मामले को लेकर संबंधित शिक्षकों से वसूली की जानी है। शिक्षकों से अतिशीघ्र वसूली की प्रक्रिया शुरू की जावेगी।

-श्रीमती कुमुदिनी बाघ,
जिला शिक्षा अधिकारी
सक्ती

# रेडक्रॉस सोसायटी जिला समिति के निर्वाचन को लेकर गहराया विवाद

**सक्ती।** रेडक्रॉस सोसायटी जिला समिति के निर्वाचन को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक सोमवार को भारी हंगामे और विरोध के बीच बिना किसी निष्कर्ष के समाप्त हो गई। नियमानुसार निर्वाचन प्रक्रिया नहीं अपनाए जाने का आरोप लगाते हुए कई सदस्यों ने खुलकर विरोध दर्ज कराया, जिसके चलते पूर्व निर्धारित एजेंडे के अनुसार बैठक आगे नहीं बढ़ सकी। विवाद और असहमति के बीच कलेक्टर को हस्तक्षेप करना पड़ा और अंततः निर्वाचन प्रक्रिया को अगली तिथि तक के लिए स्थगित कर दिया गया। बैठक में प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कमलेश जांगड़े, कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत सहित जिले के कलेक्टर,अमृत विकास तोपनो, एसपी, जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, सीएमएचओ पूजाअग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी और बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।



बैठक में उपस्थित नेता प्रतिपक्ष और सांसद के साथ अन्य।

### निर्वाचन प्रक्रिया पर उठे सवाल

बैठक शुरू होते ही कुछ सदस्यों ने निर्वाचन प्रक्रिया की वैधानिकता पर सवाल खड़े कर दिए। सदस्यों का आरोप था कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही और कई आवश्यक औपचारिकताएं पूरी किए बिना निर्वाचन कराने की कोशिश की जा रही है। सदस्य सूची, प्रक्रिया और पात्रता को लेकर भी आपत्तियां सामने आईं।विरोध कर रहे सदस्यों ने कहा कि रेडक्रॉस जैसी महत्वपूर्ण संस्था का चुनाव पूरी तरह नियमसम्मत और निष्पक्ष तरीके से होना चाहिए। इसी मुद्दे को लेकर बैठक में काफी देर तक तीखी बहस चलती रही। बैठक के दौरान कुछ सदस्यों ने यह भी मांग रखी कि निर्वाचन को और अधिक लंबित न किया जाए तथा तत्काल चुनाव प्रक्रिया पूरी कर नई कार्यकारिणी गठित की जाए। सदस्यों ने कहा कि जिला समिति का निर्वाचन पहले भी तीन से चार बार टल चुका है, जिसके कारण रेडक्रॉस सोसायटी के कई जरूरी कार्य प्रभावित हो रहे हैं।सदस्यों का कहना था कि समिति का नियमित गठन नहीं होने से जनसेवा, स्वास्थ्य सहायता और अन्य योजनाओं से जुड़े निर्णय अटके पड़े हैं। ऐसे में जल्द से जल्द वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर नई कार्यकारिणी बनाना जरूरी है।

### कलेक्टर का हस्तक्षेप, अब नई तिथि पर होगा चुनाव

स्थिति बिगड़ती देख कलेक्टर ने स्वयं हस्तक्षेप कर सभी पक्षों की बात सुनी और फिलहाल निर्वाचन प्रक्रिया को स्थगित करने का निर्णय लिया। कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि अब नई तिथि निर्धारित कर पूरी प्रक्रिया नियमों और प्रावधानों के तहत संपन्न कराई जाएगी ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न हो। डिप्टी कलेक्टर के.एस. पैकरा को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। अब उनके निर्देशन में सदस्य सूची और अन्य प्रक्रियाओं को अंतिम रूप देकर अगली तिथि घोषित की जाएगी।

# गलत तरीके से नामांकन की निर्वाचन आयोग में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नगर पंचायत बम्हनीडीह में होने वाले चुनाव के लिए गलत तरीके से नामांकन का कांग्रेस ने आरोप लगाया है। लिखित में आपत्ति दर्ज कराते हुए कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग में शिकायत की है।

नवीन नगर पंचायत बम्हनीडीह में पहली बार चुनाव होने जा रहा है। चुनाव के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है और 1 जून को मतदान होगा। सोमवार 18 मई को नामांकन की अंतिम तिथि थी। कांग्रेस ने अंतिम दिन बीजेपी पार्षद प्रत्याशी का गलत



तरीके से नामांकन फॉर्म जमा करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि नामांकन फॉर्म निर्धारित समय के बाद बाहर से लाकर जमा किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओ की सूचना पर जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू और कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल भी मौके पर पहुंच गए। सभी ने रिटर्निंग ऑफिसर के सामने की आपत्ति दर्ज कराई। रिटर्निंग ऑफिसर को लिखित में आपत्ति का शिकायत पत्र दिया गया। वहीं राज्य निर्वाचन आयोग को भी शिकायत पत्र भेजी गई है।

# खनिजों की अवैध गतिविधियों पर की गई कार्रवाई, 1 चेन मशीन, 1 हाइवा एवं 2 ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खनिजों के अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाते हुए एक हाइवा, एक चैन मशीन एवं 2 ट्रैक्टर को जब्त करने की कार्रवाई की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर रोकथाम हेतु राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए जिले के विभिन्न क्षेत्रों का औचक जांच किया गया। खनिज अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान कचंदा



जब्त वाहन के साथ उडनदस्ता टीम।

क्षेत्र में रेत अवैध उत्खनन में संलिप्त 1 चैन मशीन पोकलेन को जब्त कर पुलिस लाइन खोखरा में सुरक्षार्थ रखा गया है। साथ ही केवा नवागढ़ क्षेत्र में जांच के दौरान 1 हाईवा, 2 ट्रैक्टर को अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जब्त कर थाना नवागढ़ व पुलिस लाइन में सुरक्षार्थ रखा गया है। खनिजों के अवैध परिवहन के दर्ज प्रकरणों पर अवैध परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध खान एवं खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### घाटों पर ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण एवं सख्त अंकुश लगाने के उद्देश्य से लीगल माईनिंग टॉक्स फोर्स का गठन किया गया है। इस विशेष टास्क फोर्स के पर्यवेक्षण अधिकारी उमेश कुमार कश्यप एएसपी होंगे। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा अवैध रूप से रेत उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन करने वालों के

## 10 दिनों में समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

# टाउन फीडर से जोड़ने की मांग को लेकर वार्डवासियों ने किया बिजली दफ्तर का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

टाउन फीडर से जोडने की मांग को लेकर वार्डवासियों ने बिजली दफ्तर का घेराव कर दिया। इस बीच 10 दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी है।

ज्ञात हो कि नगर पालिका परिषद अकलतरा के वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद देवनारायण बरेठ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचकर घेराव किया और अंधियारीपाठ, नायक टांड़ एवं मंडी रोड क्षेत्र की जर्जर विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई। इस दौरान कार्यपालन अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपकर



बिजली दफ्तर का घेराव करने पहुंचे वार्डवासी।

संबंधित क्षेत्रों को सीसीआई फीडर से हटाकर टाउन फीडर से जोड़ने की मांग की गई।वार्डवासियों का आरोप है कि इन क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था वर्तमान में सीसीआई फीडर से जुड़ी होने के कारण प्रतिदिन 15 से 20 बार बिजली बंद हो जाती है। बार-बार बिजली गुल होने से पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है तथा आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि गर्मी के मौसम में लगातार बिजली कटौती से स्थिति और भी गंभीर हो गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि गत 6 सितंबर 2024 को भी लगभग 200 मोहल्लावासियों ने पूर्व सहायक कार्यपालक अभियंता कार्यालय का घेराव कर समस्या के समाधान की मांग की थी। उस समय अधिकारियों द्वारा तीन माह के भीतर विद्युत व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया गया था। इसके बाद 27 मई 2025 को भी ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन आज तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। पार्षद देवनारायण बरेठ ने कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से बिजली समस्या से जूझ रही है, लेकिन विभाग केवल आश्वासन दे रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 10 दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वार्डवासी आंदोलन और धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग और शासन-प्रशासन की होगी। वहीं सहायक अभियंता बीएल जांगड़े ने वार्डवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि संबंधित क्षेत्रों का सर्वे कराया जाएगा तथा 30 से 45 दिनों के भीतर समस्या के निराकरण की कार्रवाई की जाएगी।




## खबर संक्षेप

### श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह हवन सहस्त्र धारा के साथ हुआ संपन्न



**भैसमा।** भैसमा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह हवन सहस्त्र धारा के साथ संपन्न हुआ। आयोजन ग्राम भैसमा निवासी लीलाबिहारी कौशिक एवं तुलेश्वर कौशिक के निज निवास रघुबर कृपा में आयोजित किया गया। भगवान की कथा का सजीव चित्रण झांकियों के माध्यम से संगीतमय कथा श्रवण भागवत आचार्य पंडित नूतन कुमार पांडेय के द्वारा उपस्थित श्रोता समाज को सुनाया गया। प्रतिदिन ग्राम के एवं आसपास के ग्रामवासी कथा श्रवण करने पंडाल में उपस्थित हो रहे थे। जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक कथा श्रवण करने अलग-अलग दिवस पंडाल में पहुंचे साथ ही साथ दक्षिण पंचमुखी हनुमान मंदिर का भी प्राण प्रतिष्ठा इसी क्रम में संपन्न हुआ। भगवान श्रीकृष्ण की प्रसंग को झांकियों के माध्यम से उपस्थित सोता समाज को आचार्य पंडित नूतन प्रसाद पांडेय ने अपने मुखारविंद से प्रस्तुत किया। भोग भंडारा का भी आयोजन किया गया।

### मुकुटधर साहित्य समिति द्वारा डॉ. गीता विश्वकर्मा का सम्मान



**कोरबा।** मुकुटधर साहित्य समिति ने साहित्यिक भवन में कवयित्री एवं ग़ज़लकार डॉ. गीता विश्वकर्मा नेह का सम्मान किया। समिति ने उन्हें साल, श्रीफल एवं सम्मान-पत्र भेंट कर अभिनंदित किया। समिति के अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, सचिव डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा तथा वरिष्ठ कवयित्री डॉ. गिरिजा शर्मा मंचस्थ रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधनों में डॉ. गीता विश्वकर्मा के साहित्यिक योगदान को स्मरण करते हुए कविताओं और ग़ज़लों का पाठ किया। डॉ. गीता विश्वकर्मा ने कोरबा में बिताए अपने साहित्यिक जीवन के संस्मरण साझा किए और एक उत्कृष्ट ग़ज़ल की प्रस्तुति दी। काव्य-पाठ करने वालों में स्मिता देशपांडे, रामकली कारे, रश्मि श्रीवास, किरण सोनी, भारती चौरसिया, सुधा दुबे, कविता जैन, जीतेंद्र कुमार वर्मा, डीएस राजपूत, धरम साहू, बलराम राठौर सहित डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा, दिलीप अग्रवाल, गिरिजा शर्मा एवं यूनुस दानियालपुरी शामिल रहे।

### पतंजलि चिकित्सालय में मनाया गया वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे

**कोरबा।** वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे (विश्व उच्चरक्तचाप दिवस) पर चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब एवरेस्ट, भारत विकास परिषद, नीमा एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में 17 मई को पतंजलि चिकित्सालय में आयोजित विशेष आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर में अंचलवासियों ने लाभ उठाया। शिविर में विशेष रूप से अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करने वाले लायंस क्लब एवरेस्ट के सचिव, आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने बताया कि जंकफूड व पित्तवर्धक आहार के ज्यादा प्रयोग से लोगों में उच्चरक्तचाप एवं मधुमेह की बीमारी बढ़ती जा रही है। इससे बचाव हेतु जंकफूड एवं पित्तवर्धक आहार से परहेज करना अति आवश्यक है, शिविर में श्रीमती प्रतिभा शर्मा, महेश गुप्ता, सोमु, नेत्रनन्दन साहू, अश्वनी बुनकर, कमल धारिया, कवि रंजन दास, अरुण मानिकपुरी, देवबली कुंभकार, सिद्धराम शाहनी, राकेश इस्पात, पिंकी बरेठ एवं सिमरन जायसवाल का योगदान रहा।

### दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर का मना स्थापना दिवस

**कोरबा।** आरपी नगर फेस-1 स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र प्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को रजत जयंती भक्तिमय माहौल में मनाया गया। ढाई दशक (25 वर्ष) पहले इसी पावन तिथि को मंदिर में बजरंगबली की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई थी। 25 वर्ष पूर्व कामरूप कामाख्या (गुवाहाटी, असम) के पुरोहित स्वर्गीय मुक्तिनाथ झा, सीतामणी मंदिर के परम रामभक्त स्वर्गीय जगन्नाथ महाराज तथा छूरी के महाराज के पावन सानिध्य में इस मंदिर की नींव रखी गई थी। उस दौरान बनारस (वाराणसी) से पधारे 5 विद्वान पंडितों के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ लगातार 5 दिनों तक महाअनुष्ठान चला था। जिसके बाद दक्षिण मुखी हनुमान की प्रतिमा प्रतिष्ठित हुई थी।

# अधिकमास में पुरुषोत्तम भक्ति से संवरेंगे बिगड़े काम, पुण्य का महापर्व शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

रविवार 17 मई से अधिकमास यानी पुरुषोत्तम मास की शुरुआत हो गई है, जो 15 जून तक चलेगा। हिंदू धर्म में इस महीने को बेहद पुण्यदायी और आध्यात्मिक साधना के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। यह महीना भगवान विष्णु को समर्पित होता है, इसलिए इसे पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दौरान किए गए जप, तप, दान और पूजा-पाठ का फल कई गुना बढ़ जाता है।

वैदिक ज्योतिष के अनुसार चंद्र कैलेंडर लगभग 354 दिनों का होता है जबकि सौर कैलेंडर 365 दिनों का होता है। दोनों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए लगभग हर तीन साल में एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है, जिसे अधिकमास कहा जाता है। इसका उद्देश्य त्योहारों और ऋतुओं के बीच तालमेल बनाए रखना है। अधिकमास को भगवान विष्णु का प्रिय महीना माना गया है। इस दौरान श्रद्धालु विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ, सत्यनारायण कथा और ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से की गई भक्ति जीवन के कष्टों को दूर कर सुख-समृद्धि लाती है। इस महीने में अन्न दान, वस्त्र दान, दीपदान और जरूरतमंदों की सहायता करना अत्यंत शुभ माना जाता है। धार्मिक ग्रंथों में कहा गया है कि अधिकमास में किया गया दान कई गुना फल देता है। जो लोग पुरुषोत्तम मास में व्रत रखते हैं, उन्हें सात्विक जीवन अपनाने की सलाह दी जाती है। इस दौरान प्याज, लहसुन, मांसाहार और अनाज का त्याग कर फलाहार व सरल भोजन करना श्रेष्ठ माना गया है। ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान, पूजा और ध्यान करने से मानसिक शांति प्राप्त होती है। अधिकमास में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन और नए व्यवसाय की शुरुआत जैसे मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। नया घर, वाहन या महंगी वस्तुओं की खरीदारी से भी बचने की सलाह दी जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, पहले अधिकमास को मलमास कहा जाता था और इसे अशुभ माना जाता था। उपेक्षित महसूस कर यह महीना भगवान विष्णु के पास पहुंचा। तब भगवान विष्णु ने इसे अपना नाम पुरुषोत्तम देकर सबसे पवित्र महीनों में स्थान दिया। तभी से इसे पुरुषोत्तम मास कहा जाने लगा। धार्मिक मान्यता है कि इस पूरे महीने में जो भक्त निस्वार्थ भाव से पूजा-पाठ, दान और अच्छे कर्म करता है, उसे भगवान विष्णु का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है और उसके जीवन के कष्ट दूर होते हैं।

**खास बातें**

- 17 मई से 15 जून तक चलेगा पुरुषोत्तम मास
- चंद्र कैलेंडर और सौर कैलेंडर में संतुलन बनाए रखने हर तीन वर्ष में जोड़ा जाता है अतिरिक्त महीना



## 351.61 मीटर बना हुआ है बांध का वाटर लेवल, 1655 क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी

# आधे से ज्यादा भरा है बांगो बांध, हाईडल को तीन घंटे संचालित कर छोड़ा जा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो बांध से निस्तारी के लिए किसानों को अप्रैल महीने में भरपूर पानी दिया गया था लेकिन अब बांगो बांध से उतना ही पानी छोड़ा जा रहा है जितना पीने के लिए और औद्योगिक संयंत्रों को संचालित करने के लिए जरूरत है। बताया जाता है कि अब लगातार बांगो बांध का जलस्तर धीरे-धीरे कम होने लगा है घटते जल स्तर को देखते हुए जल संसाधन विभाग द्वारा संयंत्रों के लिए पानी छोड़ा जा रहा है ताकि आने वाले गर्मी के दिनों में पानी की किसी तरह की कमी ना हो। हालांकि इस बार बांध में आधे से ज्यादा पानी है बांध में किसी तरह की पानी की कोई कमी नहीं है। बारिश व मानसून के दस्तक देने की बात करें तो महज एक महीना ही शेष रह गया है।

उल्लेखनीय की जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर पहाड़ियों के बीच बांगो बांध का निर्माण किया गया है जहां बांगो बांध से रबी की फसल के लिए कोरबा, जांजगीर, चांपा, खरसिया, रायगढ़ और सक्ति जिले के किसानों को पानी दिया जाता है तो वहीं कोरबा सहित आसपास के पड़ोसी जिले में संचालित होने वाले औद्योगिक संयंत्रों को भी पानी दिया जाता है। अप्रैल के महीने में खेती किसानी के लिए बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार बढ़ाई गई थी और दर्री बराज के दांया और बांया तक नहर के माध्यम से किसानों को भरपूर पानी दिया गया था लेकिन इसके बाद भी इस साल बांगो बांध का जलस्तर मौजूदा स्थिति में 351.61 मीटर बना हुआ है, जो कुल जल भराव का 57 फ़ीसदी पानी है। जबकि वर्ष 2025 में बांगो बांध का जलस्तर में और जून के महीने में बहुत तेजी से कम हो गया था और लगभग 24 फ़ीसदी तक गिर गया था। पिछले साल की तुलना करें तो बांध में लगभग 8 मीटर पानी अधिक है। इस साल बांगो बांध का वाटर लेवल 57 फ़ीसदी तक बना हुआ है लेकिन अभी निस्तारी और खेती किसानी के लिए पानी की आवश्यकता नहीं है जिसके चलते बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार बहुत कम कर दी गई है। जन संसाधन विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक हाईडल प्लांट को पीने के पानी के लिए और औद्योगिक संयंत्र को संचालित करने के लिए महज तीन घंटा ही संचालित किया जा रहा है जिससे 1650 क्यूसेक पानी पानी नदी में छोड़ा जा रहा है। यह पानी सीधे हसदेव दर्री बराज पहुंच रहा है और बैराज में बने दांयी और बांयी तट नहर के माध्यम से पानी आपूर्ति की जाती है।



फाइल फोटो

**वर्षवार जानकारी**

| दिनांक | संचयी वर्षा | जलाशय स्तर | क्षमता उपयोग |
|---|---|---|---|
| 17-05-2023 | 1466.40 | 352.45 | 1767.48 |
| 17-05-2024 | 1289.80 | 348.76 | 1301.93 |
| 17-05-2025 | 1587.80 | 343.53 | 766.05 |
| 17-05-2026 | 1924.40 | 351.61 | 1655.02 |

**वर्ष 2025 में 343 मीटर जा पहुंचा था वाटर लेवल**

बांगो बांध की कुल जल भराव क्षमता 359.66 मीटर है। वर्ष 2025 में कैचमेंट इलाके में अच्छी खासी बारिश हुई थी लेकिन गर्मी के दिनों में हाईडल प्लांट को लगातार संचालित किया गया था। जिसके चलते 17मई 2025 को बांगो बांध का वाटर लेवल 343.53 मीटर जा पहुंचा था जबकि वर्ष 2026 में 17 मई को वाटर लेवल 351.61 मीटर है पिछले साल की तुलना करें तो 8 मीटर पानी डेम में ज्यादा है। इसलिए इस साल ज्यादा चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। अभी हाईडल प्लांट को और भी तेजी से संचालित किया जाएगा तब भी चिंता की आवश्यकता नहीं है क्योंकि बारिश भी नजदीक है। क्योंकि अमूमन प्री मानसून दस्तक देती है।

# कुदमुरा में उत्पात मचाने के बाद दंतैल जा पहुंचे धरमजयगढ़



जंगल में विचरण करता हाथियों का झुण्ड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कुदमुरा वन परिक्षेत्र में पिछले तीन दिनों से सक्रिय दंतैल हाथी ने अब धरमजयगढ़ का रूख कर लिया है। हाथी को रविवार की सुबह कोरबा व धरमजयगढ़ वन मण्डल के शरहद पर विचरण करते हुए देखा गया। इसके बाद वन विभाग ने राहत की सांस ली है। इससे पहले दंतैल ने शनिवार को कुदमुरा क्षेत्र में स्थित कोसाबाड़ी में घुसकर उत्पात मचाया था और वहां रेशम विभाग द्वारा लगाये गये अर्जुन के पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचाते हुए तहस-नहस कर दिया था। कोसाबाड़ी में उत्पात मचाने के बाद दंतैल हाथी जंगल में जाकर छिप गये थे। वन विभाग उसके लगातार लोकेशन ढूढंने के प्रयास में जुटी हुई थी लेकिन दंतैल का पता नहीं चल पा रहा था। इस दौरान दंतैल कोरबा वन मण्डल के कुदमुरा रेंज की सीमा को पार करते हुए धरमजयगढ़ वन मंडल पहुंच गये हैं जिसके बाद वन विभाग ने राहत की सांस ली। वहीं कटघोरा वनमंडल के जटगा रेंज में 48 हाथियों की मौजूदगी बनी हुई है। हाथियों का यह झुंड मेड़उड़ पहाड़ पर डेरा डाले हुए है। हाथियों का झुंड काफी दिनों से इस क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। इनमें से कुछ हाथी झुण्ड से अलग होकर पहाड़ से नीचे उतरते हैं और जटगा तथा भोबघट में पहुंचकर सब्जी तथा धान की फसल को नुकसान पहुंचाने के बाद पुनः वापस पहाड़ पर लौटकर झुंड में शामिल हो जाते हैं। जिससे ग्रामीण काफी परेशान है।

**खास बात**

- वन अमले ने ली राहत की सांस

# श्रद्धालुओं ने बाबा केदारनाथ, बद्रीनाथ धाम के किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के सदस्यों के द्वारा हरदीबाजार से रवाना होकर उत्तराखंड के यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ चारों धाम की यात्रा करते हुए ऋषिकेश, हरिद्वार की यात्रा किया। उत्तराखंड के श्री केदारनाथ का दर्शन 22 किमी की खड़ी चढ़ाई की पैदल यात्रा कर गुरुवार 14 मई को व उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम का 16 मई को दर्शन किये। प्रत्येक वर्ष मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के सदस्यों के द्वारा बाबा बैजनाथ धाम देवघर जाकर बाबा भोलेनाथ को सावन माह के प्रथम सप्ताह में 120 किमी पैदल चलकर कर जल चढ़ाया जाता था। हरदीबाजार से 6 मई को बिलासपुर से ट्रेन के माध्यम से हरिद्वार पहुंचकर ऋषिकेश होते हुए चारों धाम की यात्रा की। श्रद्धालुओं में निलेन्द्र राठौर, दुर्गेश डिक्सेना, यशवंत राठौर, दिलीप राठौर, ब्यास राठौर, सुनील जायसवाल, श्रवण यादव, तरुण डिक्सेना, प्रताप कंवर, अंकुश जायसवाल कटघोरा, प्रदीप डिक्सेना उपस्थित थे।

# कबीर प्राकट्य दिवस मनाने बैठक, निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सियान सदन घंटाघर में जिला स्तरीय कबीर प्राकट्य दिवस आयोजन के संदर्भ में आयोजित बैठक सकारात्मक रही। उपस्थित सभी लोगों ने कबीर प्राकट्य दिवस मनाने हेतु अपने अपने सुझाव प्रस्तुत किए और सबकी सहमति से आगामी जून माह में 21 जून को कबीर प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य पर भव्य शोभायात्रा एवं 22 जून को एक दिवसीय सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित करने पर सबकी सहमति बनी। शोभा यात्रा में सभी श्वेत वस्त्र में सम्मिलित होंगे और कर्मा, सुआ, पंथी नृत्यों के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। सम्मान समारोह में बोर्ड परीक्षा के छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संतोष महंत, महिला प्रदेश सचिव श्रीमति सुचित्रा संजय मानिकपुरी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष पवन दास, गोपाल महंत, लक्ष्मण महंत, पूरण दास सहित संयुक्त मानिकपुरी पनिका समाज के जिला/ब्लॉक/सोसायटी पदाधिकारी, महिला समिति के पदाधिकारी, समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# गोदाम के अभाव में किराए के मकान में रखवाया जा रहा खाद बीज



किराये का मकान जहां संग्रहित किया जा रहा खाद बीज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

ग्राम पंचायत चैतमा में गोदाम का अभाव होने के कारण पर्याप्त मात्रा में खाद बीज का भंडारण नहीं हो पता था। जिसके कारण किसानों को कृषि कार्य के समय खाद बीज की आवश्यकता होती है। किंतु समिति से नहीं मिल पाने के कारण उन्हें अन्य जगहों से खाद बीज की खरीदी अधिक दामों पर करनी पड़ती थी जिसे देखते हुए यहां के आदिवासी सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक द्वारा शासन से गोदाम भवन बनाने की मांग की गई थी जिसकी स्वीकृति एक साल पूर्व मिल गई थी। जिसकी प्रथम किश्त आहरण भी कर लिया गया है किंतु आज तक गोदाम भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। ठेकेदार द्वारा नींव खुदाई कर छोड़ दिया गया है जिसके कारण समिति को मकान किराए पर लेकर खाद बीज का भंडारण करना पड़ रहा है। समिति द्वारा शासन प्रशासन का ध्यान इस और आकृष्ट कराते हुए गोदाम भवन का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की है ताकि किसानों को कृषि कार्य के समय खाद बीज के लिए भटकना न पड़े। गोदाम भवन का निर्माण हो जाने पर पर्याप्त मात्रा में खाद बीज का भंडारण हो जाएगा जिससे किसानों को इसका लाभ मिल सकेगा।

### फिर तलाशे जाएंगे दिव्यांग चलाया जाएगा सर्वे अभियान

**कोरबा।** पिछले कुछ वर्षों से जिला प्रशासन के जनदर्शन कार्यक्रम में दिव्यांगों के पहुंचने और कृत्रिम उपकरण मांग जैसे मामले सामने आने के बाद एक बार फिर से जिले के मैदानी क्षेत्रों में दिव्यांगों का सर्वे अभियान चलाया जाएगा। शहरी और ग्रामीण अंचलों में चलने के साथ ही यह शिक्षण संस्थानों में भी चलाया जाएगा। दिव्यांगों के सर्वे को लेकर लगातार लापरवाही सामने आने का ही परिणाम है कि प्रति सोमवार होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम में कोई न कोई दिव्यांग ट्रायसाइकिल मांगने कलेक्टर के सामने खड़ा हो जा रहा है। इससे जाहिर है कि पंचायत समाज कल्याण विभाग दिव्यांगों के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं के प्रचार प्रसार के मामले में कारगार साबित नहीं हो रहा है। शहर ही नहीं बल्कि ग्रामीण अंचलों से भी दिव्यांग जिला मुख्यालय पहुंचते हैं और आश्चर्य है कि पंचायत समाज कल्याण विभाग के दफ्तर से बैरंग लौट जाते हैं।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पुटपुरा तहसील जांजगीर जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं.115 के अनुसार कुल खसरा नं0 21, रकबा 04.2210 हेक्टेयर जिसका मालिकाना हक, राजस्व अभिलेख परमेश्वरदीन यादव एवं सरोज, सरोजनी, विनोद, रुक्मिणी पिता चेतन प्रसाद के नाम से दर्ज है। इसका नम्बरदार परमेश्वर दीन यादव है जिसके द्वारा उक्त भूमि अथवा इसके किसी भाग को किसी व्यक्ति संस्था को किसी भी प्रकार से उपयोग की अनुमति, स्वीकृति, अधिकार नहीं दिया गया है। अतः आज दिनांक से बिना अनुमति, स्वीकृति, अधिकृत हुए कोई उपयोग करता है तो वह अवैध और गैरकानूनी होगा। इसके खिलाफ जब्ती आदि की कानूनी कार्यवाही की जावेगी, जिसके खर्चे, हर्जे के लिए उपयोगकर्ता स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सो सूचना जाने।

दिनांक : 18 .05 .2026

सूचनाकर्ता
परमेश्वर दीन यादव
भड़ेसर भवन, लायंस चौक, चांपा
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)
पिन - 495671
मो.8770879422

**समक्ष : श्रीमान नोटरी महोदय नवागढ़ तह. नवागढ़ जिला-जांजगीर-चाम्पा छ.ग.**

**// शपथ-पत्र //**

मैं काशीराम उम्र 72 वर्ष जन्मतिथि 01.01.1954 पिता नकछेड़ जाति सतनामी निवासी ग्राम किरीत तहसील नवागढ़ जिला-जांजगीर-चाम्पा छ.ग. का निवासी हूं। जो कि शपथपूर्वक कथन करता हूं :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड क्र. 9480 9188 7092 में मेरा नाम फुटुंग बन्जारे पिता नछेड़ दर्ज है वह त्रुटिपूर्ण दर्ज हुआ है मेरा सही व वास्तविक नाम काशीराम KASHIRAM पिता नकछेड़ NAKCHED है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड में नाम सुधार हेतु छ.ग. राजपत्र में पेपर प्रकाशन करवाना चाहता हूं। मेरे पासबुक, सर्विस रिकार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस सभी दस्तावेजों में मेरा नाम काशीराम पिता नकछेड़ दर्ज है। आधार कार्ड में मेरा नाम सुधार किया जाना न्यायोचित है।
4. यह कि उपरोक्त लिखित बातों के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

काशीराम- शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं काशीराम यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका 01 से 04 तक कि लिखी बातें मेरे स्वतः की ज्ञान से सत्य एवं सही है। जिसे आज दिनांक 18.05.2026 को स्थान नवागढ़ में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

स्थानः नवागढ़
दिनांक 18/05/2026

काशीराम- सत्यापनकर्ता

**कार्यालय कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र. क्र.157/ब-121/2025-2026
ग्राम जांजगीर तहसील जांजगीर

आवेदक श्री डाकेश्वर देवांगन पिता श्री उदेराम देवांगन उम्र 34 वर्ष जाति कोष्टा एवं आवेदिका श्रीमती श्वेता देवांगन पति श्री डाकेश्वर देवांगन उम्र 33 वर्ष जाति कोष्टा दोनो निवासी ग्राम भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) **बनाम** छत्तीसगढ़ शासन

**इश्तहार**


आम जनता ग्राम जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री डाकेश्वर देवांगन पिता श्री उदेराम देवांगन उम्र 34 वर्ष जाति कोष्टा एवं आवेदिका श्रीमती श्वेता देवांगन पति श्री डाकेश्वर देवांगन उम्र 33 वर्ष जाति कोष्टा दोनो निवासी ग्राम भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि हम दोनो का विवाह दिनांक 26.04.2026 को स्थान हरियाली हैरिटेज जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में सम्पन्न हो चुका है। और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस कार्यालय में दिनांक 22.06.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.05.2026 को कार्यालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

डिप्टी कलेक्टर
एवं विवाह अधिकारी
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

जाँजगीर मार्केट
प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# धमाल 4 और वेलकम टू द जंगल के बीच नहीं होगा क्लैश

**मुंबई।** अजय देवगन की कॉमेडी फिल्म धमाल 4 और अक्षय कुमार की अदाकारी वाली फिल्म वेलकम टू द जंगल का अब बॉक्स ऑफिस पर क्लैश नहीं होगा। खबर है कि अजय देवगन ने अपनी फिल्म की रिलीज डेट बदल ली है। बताया जाता है कि बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों के क्लैश को लेकर अजय देवगन और अक्षय कुमार के बीच बातचीत हुई थी। इसके बाद बड़ा कदम उठाया गया है। अजय देवगन की फिल्म 'धमाल 4' पहले तीन जुलाई को रिलीज होने वाली थी। अब अभिनेता ने इसे 17 जुलाई को रिलीज करने का फैसला किया है। वहीं अब 'वेलकम टू द जंगल' 26 जून 2026 को रिलीज होगी। खबर है कि अजय देवगन और अक्षय कुमार ने आपस में बात की।

## लाइफ Style


# अदिति

## रेड कार्पेट पर बिखेरा बोल्डनेस का जादू

अदिति राव हैदरी 79वें कान फिल्म महोत्सव में शिरकत करने पहुंची हैं। फेस्टिवल के पहले दिन वे ट्रेडिशनल लुक में नजर आईं। साड़ी में उनका खूबसूरत अंदाज देख सभी दीवाने हो गए। दूसरे दिन उन्होंने रेड कार्पेट पर उपस्थिति दर्ज कराई।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वे वन शोल्डर थाई हाई स्लिट गाउन में नजर आईं। अदिति नियॉन मेटैलिक ग्रीन गाउन में दिखीं। उन्होंने इसके साथ चोकर नेकलेस कैरी किया। अदिति का ग्लैमरस अंदाज सबको पसंद आया है। इस शाइनिंग गाउन में उन्होंने गोल्डन फुटवियर्स पेयर किए हैं। अदिति राव ने हेयरस्टाइल बनाने के बजाय ओपन हेयर रखे। उन्होंने मिनिमम मेकअप से लुक कंपलीट किया है। रेड कार्पेट पर अदिति ने स्टाइलिश पोज दिए, वे फ्लाइंग किस करती नजर आईं। ट्रेल गाउन ड्रेस में अदिति के इस लुक ने पुराने हॉलीवुड स्टाइल की याद दिला दी। एक्ट्रेस ने इसे मॉर्डन टच दिया है। नेटिजंस अदिति की फिटनेस और कर्वी फिगर की तारीफ कर रहे हैं। अदिति राव हैदरी ने सोशल मीडिया पर अपना रेड कार्पेट लुक शेयर करते हुए लिखा है, 'कान स्टेट ऑफ माइंड! यहां आना सफल रहा'। अदिति के लुक पर नेटिजंस के पॉजिटिव रिएक्शंस आ रहे हैं, उनके ग्लैमर और स्टाइल की फैंस तारीफ कर रहे हैं। अदिति राव हैदरी पहले दिन साड़ी पहनकर कान फेस्टिवल में नजर आई थीं। 12 मई से शुरू हुए कान फिल्म फेस्टिवल में आलिया भट्ट से लेकर हुमा कुरैशी तक कई एक्ट्रेस पहुंची हैं। अदिति ने भी अपने स्टाइल और ग्लैमर से सबका ध्यान खींचा है।



## हॉलीवुड मसाला



# हीरोइन को उठाया गोद में...

**पेरिस।** कान फिल्म फेस्टिवल में बेहतरीन फिल्मों की स्क्रीनिंग होती है। साथ ही कई एक्ट्रेसेस के लुक भी चर्चा में रहते हैं। इस फिल्म फेस्टिवल से एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें एक एक्टर, एक हीरोइन को गोद में उठाता और बाद में दोनों डांस करते हैं। इवेंट में मौजूद हर फोटोग्राफर्स का ध्यान यह कथित कपल अपनी तरफ खींच लेता है। कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कारपेट पर एक कथित सेलेब्रिटी कपल नजर आया। काले रंग के गाउन में एक्ट्रेस दिलकश लग रही थीं।



# हार्वे से जुड़े दुष्कर्म मामले में हुआ मिसट्रायल ...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड प्रोड्यूसर हार्वे वीनस्टीन पर दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध का अरोप लगा, कुछ मामलों में सजा भी हुई। लेकिन दुष्कर्म का एक मामला तीन बार ट्रायल के लिए जा चुका है और अब तक किसी फैसले पर नहीं पहुंचा है। न्यूयॉर्क के एक जज ने प्रोड्यूसर हार्वे वीनस्टीन के दुष्कर्म मामले में मिसट्रायल (अधूरे मुकदमे) का ऐलान किया। यह केस अब तक तीन बार ट्रायल के लिए जा चुका है। दरअसल, इस केस में जूरी अब तक किसी एक फैसले पर नहीं पहुंच पाई। हार्वे वीनस्टीन पर एक हेयरस्टाइलिस्ट जेसिका मान ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था। इसी केस में ट्रायल चल रहा है। ट्रायल का अहम मुद्दा यही था कि क्या हार्वे वीनस्टीन ने 2013 में जेसिका मान के साथ दुष्कर्म किया था।



# बेटों की परवरिश सही तरीके से हो: शेफाली


**मुंबई।** अभिनेत्री शेफाली शाह ने बच्चों की परवरिश को लेकर अपना नजरिया पेश किया है। खासकर ऐसी दुनिया में, जहां अल्फा मेल कल्चर और पारंपरिक लैंगिक भूमिकाओं को लेकर जोरदार बहसें चल रही हैं। शेफाली ने बताया कि उन्होंने अपने दोनों बेटों को परवरिश का एक बेहद सीधा-सादा नियम सिखाया है और उनका मानना है कि अच्छी परवरिश के नतीजे सामने आने से बहुत पहले ही इसकी शुरुआत हो जाती है। शेफाली शाह ने मां बनने और बेटों की परवरिश के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'हमारी बेटियां तभी सुरक्षित रहेंगी। जब हमारे बेटों की परवरिश सही तरीके से होगी। मैंने एक ऐसी बात सोची जो मैंने उन्हें बताई और मुझे लगता है कि यह बात हर किसी पर लागू होती है। आप दूसरों के साथ वैसा ही बर्ताव करें, जैसा आप खुद अपने साथ होने की उम्मीद करते हैं।



# तुम्बाड यूनिवर्स में हुईं आलिया की एंट्री

**मुंबई।** आलिया भट्ट इन दिनों कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी मौजूदगी को लेकर चर्चा में हैं। इसी बीच अब एक्ट्रेस को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया भट्ट जल्द ही 'तुम्बाड 2' का हिस्सा बनने वाली हैं। बॉलीवुड हंगामा की खबरों की मानें तो आलिया फिल्म में 15 दिनों का एक एक्सटेंडेड कैमियो करेंगी, लेकिन उनका किरदार कहानी के लिए काफी अहम होगा। इतना ही नहीं, उनका यही किरदार आगे जाकर 'तुम्बाड 3' में मुख्य भूमिका निभाएगा। बताया जा रहा है कि तीसरे पार्ट में आलिया, सोहम शाह के साथ लीड रोल में नजर आएंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, आलिया मई के अंत तक अपने कैमियो की शूटिंग पूरी कर लेंगी। इसके बाद वह 'लव एंड वॉर' की शूटिंग में व्यस्त हो जाएंगी।

## टीवी मसाला



# कुशल और कायरा ने जीता स्प्लिट्सविला एक्स-6

**नई दिल्ली।** 'स्प्लिट्सविला एक्स 6' का आखिरकार ग्रैंड फिनाले हो गया है और कुशल तंवर (गुल्लू) और कायरा अनू ने यह शो जीत लिया है। इस डेटिंग रियलिटी शो को जीतने पर कुशल तंवर और कायरा को ट्रॉफी के साथ 20 लाख रुपये की प्राइज मनी भी मिली। फिनाले में उनकी टक्कर योगेश रावत और रुरु ठाकुर से थी। यह सीजन खूब ड्रामा, ट्विस्ट और लड़ाई-झगड़ों से भरा रहा। कपल्स के बीच भी खूब कांटे की टक्कर देखने को मिली। 'सप्लिट्सविला 16 के ग्रैंड फिनाले में ब्रीफकेस टास्क भी था, जिसकी राशि 5 लाख रुपए थी। चूंकि, किसी ने भी 5 लाख रुपए से भरा ब्रीफकेस नहीं लिया, इसलिए इनाम की राशि 20 लाख रुपए ही रही। स्प्लिट्सविला के इस सीजन में सेमी-फिनाले में चार जोड़ियां पहुंचीं। ये जोड़ियां थीं- कुशल तंवर (गुल्लू) और कायरा अनु, योगेश रावत और रुरु ठाकुर, सोराब बेदी और निहारिका तिवारी, और तायने और सौंदर्या शेट्टी। इन चारों जोड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखी गई। कड़े मुकाबले और वोटिंग के बाद गुल्लू-कायरा, और योगेश-रुरु शो के ग्रैंड फिनाले में पहुंचीं। उसमें गुल्लू और कायरा की जोड़ी ने योगेश और रुरु को कड़ी टक्कर दी और विनर बन गए। **Splitsvilla X6** जीतने के बाद कुशल तंवर (गुल्लू) ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वह और कायरा यह शो जीतना डिजर्व करते थे। उन्होंने फैंस का भी शुक्रिया अदा किया। कुशल तंवर बोले, 'आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद, जिन्होंने मेरा साथ दिया। जीतने के बाद मुझे बहुत अच्छा लग रहा है।

## मैं बहुत फ्री हूं, मुझे कुछ काम दो : तान्या

**नई दिल्ली।** एक वायरल वीडियो में तान्या मित्तल पैपराजी से बातचीत कर रही हैं। इस वीडियो में वह साड़ी पहने नजर नहीं आ रही हैं, बल्कि एक ब्लू गाउन में दिख रही हैं। फैंस भी इस लुक में देखकर हैरान हुए। तान्या के लुक पर जमकर रिएक्शन दिए। इसके अलावा तान्या ने वर्कफ्रंट को लेकर भी कुछ बातें कहीं। तान्या मित्तल ने वायरल वीडियो में पैपराजी से पहले कुछ खाने-पीने के लिए पूछा। लेकिन, सबने मना कर दिया। फिर वह बोलीं- 'मैं बहुत फ्री हूं, मुझे कुछ काम दो। मुझे अच्छा लगेगा, अगर आप लोग कुछ खाएंगे। मैं यहां सिर्फ फोटो क्लिक करवाने थोड़े आती हूं।'इसके बाद तान्या मुस्कुरा दीं। तान्या के गाउन लुक और उनके व्यवहार को फैंस ने खूब सराहा, कमेंट सेक्शन में उन्हें एक अच्छा इंसान बताया और फायर, हार्ट इमोजी शेयर किए। तान्या अब शो बिजनेस में आ रही हैं तो उनका लुक अब बदलने लगा है।



# किंग का रास्ता साफ! शक्ति शालिनी की रिलीज डेट में हुआ बदलाव...

**नई दिल्ली।** मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बन रही मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म शक्ति शालिनी में अनीत पड्डा मुख्य भूमिका निभा रही हैं। यह हॉरर थ्रिलर, शाह रुख खान की फिल्म किंग के साथ सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। फिल्म की रिलीज डेट 24 दिसंबर 2026 को तय की गई थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि शक्ति शालिनी का शाह रुख खान की फिल्म के साथ क्लैश नहीं होने वाला है। मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट बदल दी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, शक्ति शालिनी की रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी गई है। फिल्म अब 24 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक नहीं देगी। फिल्म की रिलीज डेट एक महीने आगे बढ़ा दिया गया है। इसकी वजह किंग बताई जा रही है। मेकर्स नहीं चाहते हैं कि फिल्म का क्लैश हो। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि फिल्म जनवरी 2027 में आ सकती है। हालांकि, अभी तारीख डिसाइड नहीं हुआ है। कहा जा रहा है कि कॉकटेल 2 के बाद रिलीज डेट क्लियर होगी। आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बन रही शक्ति शालिनी के प्रोडक्शन का काम आखिरी फेज में पहुंच गया है। इस फिल्म में सैयारा की हीरोइन अनीत पड्डा मुख्य भूमिका निभा रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में उनका डबल रोल है। टाइटल क हिसाब से वह शक्ति (रक्षक) और शालिनी (बुरी ताकत) के किरदारों में दिखाई देंगी। बात करें फिल्म की कहानी की तो यह बंगाली लोककथाओं और पौराणिक कथाओं पर आधारित है। अच्छाई और बुराई के बीच चलने वाली शाश्वत लड़ाई के इर्द-गिर्द घूमने वाली फिल्म की कहानी एक ऐसी भूतनी की होगी जो मर्दों को सजा देती है जिसने उसके साथ विश्वासघात किया था और उसे बेरहमी से मार डाला था। इस भूतनी को नष्ट करने के लिए रक्षक बनकर एक शक्ति आती है।



# वीकेंड पर पति-पत्नी और वो दो की चांदी करुप्पु की कमाई में जबरदस्त उछाल...

**मुंबई।** वीकेंड का इंतजार उन स्टार्स, फिल्ममेकर्स को बेसब्री से रहता है, जिनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन की दौड़ में शामिल रहती हैं। आयुष्मान खुराना की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म पति पत्नी और वो दो के अलावा संजय दत्त की ड्रामा फिल्म आखिरी सवाल को सिनेमाघरों में दो दिन हो चुके हैं।

**पति पत्नी और वो दो की बढ़ी कमाई :** सैकनिल्क के अनुसार फिल्म पति पत्नी और वो दो ने दूसरे दिन 5.75 करोड़ रुपए कमाए हैं। जबकि पहले दिन 4 करोड़ रुपए की कमाई की थी। इस फिल्म ने शनिवार को अपने कलेक्शन में इजाफा किया है। फिल्म का कुल कलेक्शन 9.75 करोड़ रुपएहो चुका है। फिल्म पति पत्नी और वो दो में आयुष्मान खुराना, अलावा सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह लीड रोल में हैं।



**आखिरी सवाल को भी मिला फायदा :** वीकेंड का फायदा संजय दत्त की फिल्म आखिरी सवाल को भी मिला है। शनिवार को इसकी कमाई में भी मामूली बढ़ोतरी हुई है। इस फिल्म ने रिलीज के दूसरे दिन 73 लाख रुपए कमाए हैं। जबकि पहले दिन 40 लाख रुपए कमाए थे। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 1.13 करोड़ रुपए हो चुका है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच ज्यादा क्रेज देखा नहीं जा रहा है।

**करुप्पु का बॉक्स ऑफिस पर जलवा :** सूर्या स्टारर फिल्म करुप्पु बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इस फिल्म ने रिलीज के दूसरे दिन 23.40 करोड़ रुपए कमाए हैं। जबकि ओपनिंग डे पर इस साउथ फिल्म ने 15.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इस फिल्म ने कुल 38.90 करोड़ रुपए की कमाई की है। सूर्या स्टारर इस फिल्म में तृषा कृष्णनन भी अहम भूमिका में हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर इस फिल्म की खूब चर्चा है।

**कृष्णावतारम पार्ट 1 :** फिल्म 'कृष्णावतारम पार्ट 1' को थिएटर में 10 दिन हो चुके हैं। इस फिल्म ने 10वें दिन 2.30 करोड़ रुपए कमाए हैं। जबकि 9वें दिन 1.20 करोड़ रुपएकी कमाई की है। फिल्म ने कुल 17.02 रुपएका कलेक्शन कर लिया है। यह माइथोलॉजिकल फिल्म दर्शकों को भा रही है।

## डेन ने 80 से लेकर 90 के दशक तक फिल्मी पर्दे पर खूब निभाए विलेन के रोल

# इंडस्ट्री की राजनीति से टूटा दिल, एक्टिंग छोड़ बना सेलर, चला रहा होमस्टे

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में जब भी आइकॉनिक या खूंखार विलेन्स की बात आती है, तो दिलो-दिमाग में मोगेम्बो से लेकर शाकाल और गब्बर जैसे किरदार आते हैं। कई ऐसे कलाकार रहे, जिन्होंने विलेन बनकर फिल्मी पर्दे पर खूब पॉपुलैरिटी पाई, पर कुछ ने इंडस्ट्री छोड़ दी, तो कुछ गुमनामी में खो गए और कुछ इस दुनिया से चल बसे। अमजद खान और अमरीश पुरी से लेकर प्राण, डैनी डेंजोंगपा, अजीत, प्रेम चोपड़ा और आशुतोष राणा तक ढेरों ऐसे कलाकार रहे, जिन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग के साथ-साथ खूंखार अंदाज और भारी आवाज से विलेन के रूप में दर्शकों के दिलों में भी डर पैदा कर दिया था। ऐसे ही एक विलेन की कहानी आपको बता रहे हैं। इनका नाम है डैन धनोआ, जिन्होंने 80 से लेकर 90 के दशक तक फिल्मी पर्दे पर खूब विलेन के रोल निभाए। इन्हें हिंदी सिनेमा का 'आखिरी स्टार विलेन' भी माना जाता है। लेकिन, कुछ ऐसा हुआ कि डैन धनोआ ने फिर अचानक ही फिल्म इंडस्ट्री के साथ-साथ एक्टिंग छोड़ दी और मर्चेंट नेवी में सेलर बन गए।*

### पिता एक्टिंग के सख्त खिलाफ थे

जिन लोगों ने अमिताभ बच्चन की फिल्म 'मर्द' देखी है, तो उसमें डैन धनोआ को जरूर देखा होगा। उसमें डैन धनोआ ने विलेन का रोल किया था। घोड़े पर बैठकर डैन धनोआ एंट्री मारते हैं और बोलते हैं- मैं हूं जनरल डायर का बेटा डैनी। इसी डायलॉग और किरदार ने डैन धनोआ को रातोंरात मशहूर कर दिया था। इसके बाद उनके पास फिल्मों के ऑफर्स की लाइन लग गई थी। हालांकि, डैन धनोआ के पिता एक्टिंग के सख्त खिलाफ थे। वह चाहते थे कि बेटा मां की तरह डॉक्टर बने, पर डैन धनोआ एक्टर भी नहीं बनना चाहते थे। वह पढ़ाई पूरी करने के बाद मर्चेंट नेवी में चले गए। फिल्मों में आना बस एक इत्तेफाक था। कैसे वह फिल्मों में आए थे, यह भी इस स्पेशल में बताएंगे। डैन धनोआ 28 फरवरी, 1959 को पंजाब के जालंधर में सिख परिवार में पैदा हुए थे और उनका असली नाम इंद्रप्रीत सिंह धनोआ है। हालांकि, फिल्मों में आने के बाद वह डैन धनोआ के नाम से मशहूर हो गए। डैन धनोआ के पिता मेजर जनरल सरदार सिंह धनोआ थे, और मां कैप्टन डॉ. परमजीत कौर धनोआ। वो आर्मी में डॉक्टर थीं। इस कारण डैन धनोआ को शुरुआत से ही अनुशासन और कड़ी मेहनत का गुण विरासत में मिला था।



### फिरोज ने जानबाज में किया साइन

फिरोज खान ने उन्हें फिल्म 'जानबाज' में साइन किया। डैन धनोआ को एक्टिंग नहीं आती थी, तो एक्टिंग वर्कशॉप कराई और लुक टेस्ट भी लिया। हालांकि, वह फिल्म किसी वजह से बंद हो गई। डैन धनोआ को डैन नाम भी फिरोज खान ने ही दिया था। और फिर जब साल 1986 में 'जानवर' फिल्म दोबारा बननी शुरू हुई, तो उसमें डैन धनोआ को कोई रोल नहीं मिला। इस तरह फिरोज खान और डैन धनोआ के रास्ते अलग हो गए।

### दिमाग में फिल्मों में जाने का ख्याल भी नहीं था

फिल्मों की बात करें, तो डैन धनोआ गलती से इस लाइन में आ गए थे। एक इंटरव्यू में डैन धनोआ ने बताया था कि उस वक्त ज्यादा नौकरियां नहीं थीं, तो उन्होंने मॉडलिंग शुरू कर दी। हालांकि, तब भी दूर-दूर तक उनके दिमाग में फिल्मों में जाने का ख्याल भी नहीं था। लेकिन साल 1984 की बात है। एक्टर फिरोज खान ने अपनी सिल्वर जुबली हिट फिल्म 'कुर्बानी' के लिए एक पार्टी रखी थी, और उसी में डैन धनोआ भी थे। उन पर फिरोज खान की नजर पड़ी, तो लुक्स और पर्सनैलिटी से प्रभावित हो गए।

### 'मर्द' ने किस्मत चमका दी

मनमोहन देसाई ने डैन धनोआ को 'मर्द' में साइन किया और इस फिल्म ने उनकी किस्मत चमका दी। इस फिल्म में डैन धनोआ का विलेन का रोल मिला था, और वह छा गए। इसके बाद फिर तो लगभग हर फिल्म में डैन धनोआ को विलेन या फिर नेगेटिव रोल में ही साइन किया जाने लगा। उन्होंने 'शहंशाह', 'त्रिदेव', 'तूफान', 'फूल और कांटे' और 'विश्वात्मा' जैसी फिल्में कीं।

### फिल्म इंडस्ट्री से दूरी बना ली

लेकिन फिर 90 के दशक में डैन धनोआ ने फिल्म इंडस्ट्री से हमेशा के लिए दूरी बना ली। उन्होंने फिल्में करना छोड़ दिया। इसकी क्या वजह थी? यह एक्टर ने 'चाय के साथ दिल की बात' यूट्यूब चैनल को एक इंटरव्यू में बताई थी। डैन धनोआ ने कहा था, 'मैं फिल्म इंडस्ट्री का आदमी नहीं था। मैं आउटसाइडर था। मुझे इंडस्ट्री के तौर-तरीके समझ नहीं आते थे, जैसे काम मांगना और फिर पेमेंट की मांग करना। यह सब मेरे बस की बात नहीं थी।' डैन धनोआ के मुताबिक, कुछ प्रोड्यूसर्स ने उनके साथ जो बर्ताव किया, उससे वह निराश हो गए और 2000 के आसपास बॉलीवुड छोड़ दिया।

### डैन धनोआ की हिट फिल्में

मर्द (1985), कर्मा (1986), शहंशाह (1988), त्रिदेव (1989), सनम बेवफा (1991), फूल और कांटे (1991),विश्वात्मा (1992)।


## खबर संक्षेप

### हल्का कार्यालय किकिरदा से पटवारी नदारद, किसानों को हो रही परेशानी

**बिर्रा।** सक्ती जिले के जनपद पंचायत जैजैपुर के ग्राम पंचायत किकिरदा के हल्का पटवारी नंबर 09 का कभी कभार का दर्शन होता है। पटवारी के हमेशा नदारद रहने से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में किसानों ने बताया कि ग्राम पंचायत किकिरदा के पटवारी हल्का नंबर 09 अपने कार्यालय से हमेशा गायब रहते हैं और उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर फोन नहीं उठाते हैं, जिसके कारण किसानों को बार-बार पटवारी कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। यहां के किसान पटवारी की कार्य शैली से ज्यादा परेशान है। जिम्मेदार राजस्व विभाग के अधिकारीयों को किसानो की परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है। पटवारी का महीना में एक या दो दिन दर्शन हो जाए तो काफी है। जिसके कारण किसानों को बेवजह भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### किसान ज्यादा से ज्यादा वैज्ञानिक पद्धति से करें खाद का उपयोग : पांडेय

**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ में कृषि सीजन की तैयारी के बीच डीएपी खाद की खपत लगातार बढ़ने



से प्रदेशभर में उर्वरक प्रबंधन को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है। इसी संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश किसान मोर्चा के प्रवक्ता इंजीनियर रवि पाण्डेय ने किसानों से वैज्ञानिक पद्धति से उर्वरक उपयोग करने की अपील की है। पाण्डेय ने कहा कि राज्य के अनेक क्षेत्रों में किसान परंपरागत तौर पर केवल डीएपी का उपयोग कर रहे हैं, जबकि आधुनिक कृषि विज्ञान के अनुसार फसल को विभिन्न पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश, सल्फर तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों की संतुलित उपलब्धता से न केवल उत्पादन बढ़ता है, बल्कि मिट्टी की दीर्घकालिक उर्वरता भी सुरक्षित रहती है।कृषि विशेषज्ञों का हवाला देते हुए पाण्डेय ने कहा कि एक ही प्रकार के उर्वरक पर निर्भरता से मिट्टी का पोषण असंतुलित हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि मिट्टी परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर उर्वरक योजना तैयार करें और कृषि विज्ञान केंद्रों से उपलब्ध वैज्ञानिक मार्गदर्शन का लाभ लें।

### सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**अकलतरा।** सरस्वती शिशु मंदिर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। प्राचार्य केशव कुमार कौशिक ने वार्षिक परीक्षा परिणाम का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्राचार्य के अनुसार विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 99.66 प्रतिशत रहा, जो संस्था की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है। कक्षा अरुण से द्वितीय तक 285 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें सभी 285 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा तृतीय से पंचम में 234 विद्यार्थियों में से 215 प्रथम श्रेणी एवं 19 द्वितीय श्रेणी में सफल रहे। कक्षा षष्ठ से अष्टम में 301 विद्यार्थियों में से 252 प्रथम श्रेणी एवं 49 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा नवम एवं एकादश में 184 विद्यार्थियों में से 121 प्रथम श्रेणी, 62 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जबकि 1 विद्यार्थी पूरक रहा। कक्षा 12वीं में शुभा गौतम ने 91.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। महक नायक 85.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा रीमा साहू 79.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। इस वर्ग में 23 विद्यार्थी प्रथम एवं 13 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10वीं में मुस्कान राठौर ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। रेशमा खाण्डेल 86.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं आरती नेताम एवं रानी पाटले ने 84.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस वर्ग में 34 विद्यार्थी प्रथम एवं 17 द्वितीय श्रेणी में सफल रहे।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष बिहारी लाल ताम्रकार, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू (गुरुजी), सह सचिव अयन जैन, अभिभावक प्रतिनिधि राकेश कुमार नायक एवं श्रीमती संगीता वस्त्रकार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



**सक्ती।** देश में बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार हो रही वृद्धि के विरोध में कांग्रेसियों ने जमकर हल्ला बोला। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रश्मि गबेल के नेतृत्व एवं नगर कांग्रेस कमेटी सक्ती के तत्वावधान में रविवार शाम 4 बजे बाराद्वार रोड स्थित विष्णु पेट्रोल पंप के पास विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों पर जमकर प्रहार किया। नेताओं का कहना था कि केंद्र सरकार की अदूरदर्शी नीतियों और गलत मानसिकता के कारण आज पूरे देश की जनता बेतहाशा महंगाई से त्रस्त है। पेट्रोल और डीजल के दाम आम आदमी की पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं, जिससे मालभाड़ा और दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी महंगी हो गई हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पेट्रोल-डीजल के दामों को तत्काल कम कर आम जनता को राहत देने की मांग की। विरोध प्रदर्शन करने वालों में गिरधर जयसवाल,पिंटू ठाकुर,घनश्याम देवांगन,लाला सोनी,सम्सतमरेज खान, हेमू सोनी,कालू रघुनाथ अग्रवाल,भुरु अग्रवाल, जिवेंद्र राठौर,प्यारेलाल पटेल,पवन साहू, रशीद खानसहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

बैठक में दिए निर्देश, शिक्षा गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

# बोर्ड परीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले प्राचार्यों की कलेक्टर ने ली क्लास, जताई कड़ी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बैठक में उपस्थित प्राचार्यों एवं अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कमजोर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों से खराब परिणाम के कारणों की जानकारी लेते हुए कड़ी नाराजगी जताई। कलेक्टर ने प्राचार्यों से कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। लापरवाही पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। शिक्षकों की नियमित उपस्थिति और समय पर कोर्स पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

सोमवार 18 मई को कलेक्टर जम्मेजय महोबे ने जिले में परीक्षा परिणाम एवं आगामी कार्ययोजना को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं प्राचार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विगत तीन वर्षों के बोर्ड परीक्षा परिणामों तथा राज्य स्तर पर जिले की रैंकिंग की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने कमजोर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों से खराब परिणाम के कारणों की जानकारी लेते हुए कड़ी नाराजगी जताई एवं सुधार हेतु आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत करने एवं जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा विषय अत्यंत गंभीर है और सभी शिक्षकों तथा अधिकारियों को जिम्मेदारी एवं अनुशासन के साथ कार्य करना होगा।

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्कूलों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, समय पर अध्यापन तथा अनुशासन सुनिश्चित किया जाए। बिना उचित कारण अनुपस्थित रहने अथवा समय पर कोर्स पूर्ण नहीं करने वाले शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रत्येक शिक्षक का विस्तृत डाटा तैयार करने के निर्देश दिए। इसमें संबंधित शिक्षक द्वारा पूर्ण कराए गए कोर्स, परीक्षा परिणाम, विद्यार्थियों की तैयारी, टेस्ट आयोजन एवं शैक्षणिक प्रगति की जानकारी शामिल करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की कार्यप्रणाली का सतत मूल्यांकन किया जाए ताकि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए भी विषयवार प्रगति चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए। इस चार्ट में प्रत्येक छात्र के विभिन्न विषयों में प्राप्तांक, कक्षा में प्रदर्शन तथा कमजोर विषयों का उल्लेख किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि जिन विषयों में विद्यार्थी कमजोर हैं, उनमें अतिरिक्त अभ्यास एवं विशेष कक्षाएं संचालित कराई जाए ताकि परीक्षा परिणाम बेहतर हो सके। बैठक में आगामी पूरक परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की तैयारी की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने पूरक विद्यार्थियों के लिए विशेष तैयारी योजना बनाकर उन्हें बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्देश दिए, जिससे वे आगामी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकें। कलेक्टर ने कहा कि जिले की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बेहतर परीक्षा परिणाम एवं राज्य स्तर पर जिले की रैंकिंग सुधारने के लिए सभी अधिकारी एवं शिक्षक गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा सहित संबंधित अधिकारी एवं प्राचार्य उपस्थित रहे।



पंप पर पेट्रोल डीजल भरवाने लगी वाहनों की कतार।

## पेट्रोल-डीजल की किल्लत से बढ़ी परेशानी, पंपों में लग रही वाहनों की लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर में पेट्रोल एवं डीजल की सीमित आपूर्ति के चलते आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। रविवार को अकलतरा नगर के अधिकांश पेट्रोल पंपों में वाहनों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। कई स्थानों पर डीजल पूरी तरह समाप्त हो गया, जबकि पेट्रोल भी सीमित मात्रा में दिए जाने की जानकारी सामने आई है।

■ पेट्रोल एवं डीजल की सीमित आपूर्ति के चलते आम लोगों की बढ़ी परेशानी

नगर के डीएल पेट्रोल पंप, ख्वाजा गरीब नवाज पेट्रोल पंप एवं सिंघानिया पेट्रोल पंप सहित अन्य पेट्रोल पंपों में सुबह से ही दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। पेट्रोल पंपों में ईंधन भरवाने पहुंचे लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा। पेट्रोल पंप संचालकों ने बताया कि ऊपर से पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति बहुत सीमित मात्रा में हो रही है। जितना माल प्राप्त हो रहा है, उसी के अनुसार उपभोक्ताओं को वितरण किया जा रहा है। संचालकों का कहना है कि कम मात्रा में सप्लाई मिलने के कारण नियमित व्यवस्था प्रभावित हो रही है और कई बार स्टॉक जल्दी समाप्त हो जा रहा है। संचालकों ने यह भी बताया कि फिलहाल उच्च स्तर से जो निर्देश प्राप्त हो रहे हैं, उसी के अनुरूप पेट्रोल एवं डीजल का वितरण किया जा रहा है। आपूर्ति सामान्य होने के बाद स्थिति में सुधार आने की संभावना जताई जा रही है। इधर, ईंधन की कमी की खबर फैलते ही लोग बड़ी संख्या में पेट्रोल पंपों की ओर पहुंचने लगे, जिससे स्थिति और अधिक दबावपूर्ण हो गई। कई वाहन चालकों ने सीमित मात्रा में पेट्रोल मिलने पर नाराजगी भी जताई। नगरवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हुई तो परिवहन व्यवस्था एवं दैनिक कार्य प्रभावित हो सकते हैं। वहीं लोग प्रशासन से जल्द समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम के गौरवपूर्ण 150 पूर्ण होने पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम के गौरवपूर्ण 150 पूर्ण होने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 16 मई को जिला पंचायत आडिटोरियम जांजगीर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले भर से 500 छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

कार्यक्रम में अतिथि के रुप में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री एस बालकृष्ण, सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, अभाविप प्रदेश सहमंत्री आयुष शर्मा, अभाविप जिला संयोजक उदय पाण्डेय, नगर अध्यक्ष विजय निराला, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनामिका सिंह व अन्य प्रदेश के प्रमुख दायितवान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन अभाविप रायगढ़ विभाग के जिला जांजगीर चांपा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से से आए विद्यार्थीयों व शिक्षकों व अतिथियों द्वारा करतल ध्वनि से वन्देमातरम का गायन



किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री एस बालकृष्ण ने अपने विचार प्रकट करते हुए संगठन के महत्व व स्थानीय लोगों से सार्थक संवाद स्थापित किया। सांसद ने वन्देमातरम 150 वर्ष पूर्ण होने पर वन्देमातरम के गौरवशाली इतिहास का स्मरण करते हुए विचार प्रकट किए। नगर अध्यक्ष विजय निराला द्वारा संगठन द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन अभाविप जिला संयोजक उदय पाण्डेय ने किया।

## सोना न खरीदो के बयान को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

देश के प्रधानमंत्री द्वारा जनता से सोना न खरीदने की अपील मामले को लेकर कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इसी मुद्दे पर सोमवार को नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय ज्वेलर्स दुकान के सामने पार्षदगण एवं सैकड़ो की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन किया।

इस मौके पर विधायक ब्यास कश्यप ने प्रधानमंत्री द्वारा सोना ना खरीदने की अपील को उनकी आर्थिक विफलता का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा आम जनता पर त्याग का बोझ डालने के बजाय देश की अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए स्पष्ट नीति देश के सामने रखनी चाहिए ताकि बाजार और आम लोगों में घबराहट न फैले। कांग्रेस जनों ने केन्द्र सरकार की आर्थिक नीति की निंदा करते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्पष्ट मत है कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना



ज्वेलरी दुकान के सामने विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

सरकार की जिम्मेदारी है, न कि अपनी नीतिगत कमजोरियों का भार जनता व व्यापारियों और कारीगरों पर डालना। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामविलास राठौर, डॉ परस शर्मा, देवेश सिंह, विवेक सिंह सिसोदिया, रफीक सिद्दीकी रमेश पैगवार, भगवानदास गढ़वाल, अजीत सिंह राणा, श्रीमती सीमा राजू शर्मा, श्रीमती हेमलता राठौर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय कुमार तिवारी सहित कांग्रेसी उपस्थित थे।

### ब्लाक कांग्रेस ने सोने चांदी की बढ़ती कीमतों को लेकर जताया विरोध

**चांपा।** केंद्र सरकार की नीतियों से ऊपजी मंहगाई के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार व जिला कांग्रेस



कमेटी के निर्देश पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी चाम्पा द्वारा सोमवार 18 मई को शाम पार्थ ज्वेलर्स सदर बाजार रोड में पैदल मार्च करते हुए जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया। वहीं सदर बाजार रोड में पार्थ ज्वेलर्स से सोने चांदी की जगह झालमुडी खरीदी कर जिला प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता ने संचालक केशव सोनी से वार्तालाप करते हुए उनके दुख दर्द को सुना। कार्यक्रम का संचालन सुनील साधवानी व आभार मंडल अध्यक्ष अनिल मोदी ्वारा किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील साधवानी, जिला उपाध्यक्ष किशन सोनी, अनिल मोदी, राज सरोज, सेवक बुटू देवांगन, नागेंद्र गुप्ता, गुलशन सोनी, गीता केशव सोनी, अंजली देवांगन, पवन साहू, पवन आर्य, डॉ गोविंद देवांगन, डुग्गु प्रधान, केशव सोनी,राज अग्रवाल,समद बेग,हरदयाल तंवर,निल बनकर, कविता देवांगन,कबाल अंसारी, जीवन बंजारे,लिीप दासु,निराम देवांगन,राम साधवानी, इतवारी यादव, राकेश जोशी, बसंत भार्गव, भोला महंत, गणेश विश्वास, छबिलाल पटेल, सहित कांग्रेसजन आम नागरिक उपस्थित रहे।

## पीडीएस भवन निर्माण कार्य में की जा रही गुणवत्ता की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

बम्हनीडीह ब्लॉक के ग्राम पंचायत कपिस्दा में बनाए जा रहे पीडीएस भवन निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। निर्माण और समय सीमा की कोई जानकारी यहां नहीं मिल रही है।

ब्लॉक मुख्यालय बम्हनीडीह क्षेत्र के ग्राम कपिस्दा में ग्रामीणों को राशन लेने के लिए किसी तरह की परेशानी न हो इस बात को ध्यान में रखकर लाखों रुपए की लागत से शासकीय उचित मूल्य दुकान भवन का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन यहां देखने में आ रहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। निर्माण स्थल पर न तो कोई जिम्मेदार अधिकारी नजर आ रहा है



और ना ही कार्य में तकनीकी निगरानी नजर आ रही है। हालत यह है कि भवन निर्माण के दौरान ही कॉलमों से सरिया बाहर झांक रहा है। निर्माण स्थल पर सूचना पटल तक नहीं लगाया गया है, जिससे लागत, निर्माण एजेंसी और समय सीमा जैसी जानकारी पूरी तरह गायब है। मामले को लेकर क्षेत्र में नाराजगी बढ़ती जा रही है और लोग जांच की मांग कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शुरुआत में ही यह स्थिति है तो भविष्य में भवन की मजबूती और सुरक्षा पर बड़ा खतरा खड़ा हो सकता है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि घटिया निर्माण के कारण कभी भी हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण स्थल पर किसी भी तकनीकी अधिकारी की मौजूदगी नहीं रहती। इंजीनियर और विभागीय जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नजर नहीं आते, जिसके चलते मजदूर अपने हिसाब से निर्माण कार्य कर रहे हैं। बिना तकनीकी निगरानी के हो रहे कार्य को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। इस संबंध में समीर पांडेय का कहना है कि ग्राम कपिस्दा में बन रहे पीडीएस भवन निर्माण कार्य का किया निरीक्षण किया जाएगा। तत्पश्चात आगे की कार्यवाही होगी।

## खेत देखने गए वृद्ध किसान की करंट लगने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

खेत देखने गए किसान की करेंट लगने से मौत हो गई। घटना ग्राम जमड़ी की है। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। उन्होंने मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जमड़ी निवासी गजानंद साहू उम्र 75 वर्ष रविवार 17 मई को सुबह 6 बजे घर से चाय पीकर अपने खेत में लगे धान की फसल देखने निकला था। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। करीब डेढ़ घंटे बाद उसके बड़े पुत्र बद्री प्रसाद साहू खेत की ओर पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि उनके पिता पास स्थित बाड़ी में लगाए गए झटका तार में फंसे हुए थे। बताया जा रहा है कि उक्त झटका तार गांव के ही कार्तिक साहू के बाड़ी में लगाया गया था। तार में करंट प्रवाहित होने के कारण गजानंद साहू उसकी चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार मृतक के शरीर में कमर, गले एवं दाहिने हाथ की कलाई में करंट से झुलसने के गंभीर निशान पाए गए हैं। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि काफी देर तक वे तार की चपेट में रहे। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। घटना की जानकारी संबंधित थाना पुलिस को दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई और जांच में जुट गई है। प्रारंभिक तौर पर यह मामला खेत और बाड़ी की सुरक्षा के लिए लगाए गए करंटयुक्त तार से जुड़ा बताया जा रहा है। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि खेतों और बाड़ियों में इस तरह खुलेआम झटका तार लगाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने इस मामले में दोषियों पर शीघ्र ही कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ लक्ष्य बाल व्यक्तित्व विकास शिविर

## शिविर में बच्चों ने सीखा संस्कार, अनुशासन व जीवन का मूल्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र, कोटमीसुनार के तत्वावधान में आयोजित 14 दिवसीय “लक्ष्य बाल व्यक्तित्व विकास शिविर” का समापन समारोह रविवार को हर्षोल्लास और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। शिविर के दौरान बच्चों ने जो संस्कार, अनुशासन, कला और जीवन मूल्य सीखे थे, समापन समारोह में उनका मनमोहक प्रदर्शन किया गया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों की प्रतिभा देख अभिभावक एवं अतिथि भावविभोर हो उठे।

शिविर की मुख्य मार्गदर्शक, मोटिवेशनल स्पीकर एवं राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा दीदी ने बच्चों को खेल-खेल में मूल्यनिष्ठ शिक्षा




विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि।

प्रदान की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जो बच्चे इन नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संकल्प लेंगे, उन्हें आगामी समय में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। समारोह के दौरान आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता एवं वैल्यू बेस्ड गेम्स के विजेताओं को सम्मानित किया गया। ड्राइंग प्रतियोगिता में नैना ने प्रथम, जागृति ने द्वितीय, जिया ने तृतीय तथा रीना ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वहीं खुशी और रेखा ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विशेष उपहार हासिल किए। समापन अवसर पर सभी बच्चों को ब्लेसिंग कार्ड, पानी की बोतल, नैपकिन, शिव बाबा की क्रिएटिव डक एवं पेन जैसे आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में अभिभावकों ने ब्रह्माकुमारीज संस्थान के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के चरित्र निर्माण और संस्कार विकास के लिए वर्तमान समय की बड़ी आवश्यकता हैं। अंत में टीकाराम ने आभार प्रदर्शन किया तथा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

